419
3/12/14

श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी, मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 25.11.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स की बैठक की कार्यवाही :–

उपस्थितिः– यथा पंजी में संधारित

दिनांक 25.11.2014 को जिला पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें विभिन्न विभागों के कार्यों की निम्न प्रकार समीक्षा की गयी ।

1. कृषि

(i) वर्षापात/आच्छादनः– जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए फसल स्थिति की जानकारी लिये जाने पर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस वर्ष खरीफ फसलों विशेषकर धान की स्थिति अच्छी रही है एवं फसल जाँच कटनी लक्ष्य–400 के विरूद्ध–350 (कुल 88%) हो गई है रबी फसलों की बुआई भी प्रारंभ हो गई है जिसका आच्छादन निम्न प्रकार है :–

क्र0सं0	फसल का नाम	लक्ष्य हे0	आच्छादन (हे0)	अभ्युक्ति
1	गेहूँ	24000	8000	33.33%
2	मक्का	3000	1500	50%
3	चना	1000	1000	100%
4	मसूर	1500	1200	80%
5	मटर	500	500	100%
6	अन्य दलहन	500	500	100%
7	राई / सरसों	500	500	100%
8	तीसी	800	800	100%
9	सूर्यमुखी	320	100	50%
योग		32000	14100	44.06 %

(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :– उर्वरक की स्थिति की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी मौसम हेतु मुंगेर जिला को यूरिया 7400 डी0ए0पी0, 2500, एन0पी0के0 800, एम0ओ0पी0 1100 एवं एस0एस0पी0 2000 मै0 टन लक्ष्य निर्धारित है जिसके विरूद्ध 15 नवम्बर 2014 तक यूरिया--1404 डी0ए0पी0–275 एन0पी0के0–00 एम0ओ0पी0–25 एवं एस0एस0पी0–00 मै0 टन प्राप्त हुआ है जिसका भौतिक सत्यापन के साथ गुणवत्ता जाँच हेतु नमूना लिया जा रहा है और उर्वरक की अभी कोई कमी नहीं है।

(iii) कृषि यांत्रिकरण :– जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि अनुदानित दर पर कृषि यंत्रों हेतु अभी तक 1120 आवेदन ऑनलाईन हुआ है। 10000 एवं 10000 रू0 से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों हेतु एल0पी0सी0 अनिवार्य किया गया है जो बहुत से किसानों के पास नहीं रहने से आवेदन की गति अच्छी नहीं हो पा

रही है। नवम्बर माह का दो दिवसीय मेला दिनांक 24 से स्थानीय पोलो मैदान, मुंगेर में प्रारंभ है जिसके लिए 325 स्वीकृति आदेश निर्गत किया गया है। मेला में कृषकों की अच्छी उपस्थिति है जिससे प्रगति अच्छी होने की सम्भावना है।

(iv) मिट्टी जाँच अभियान :— मिट्टी जाँच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभी तक—4180 मिट्टी नमूनों का विश्लेषण हुआ है जिसके स्वायल हेल्थ कार्ड हेतु प्रतिवेदन ऑनलाइन कराने की कार्यवाई की जा रही है।

v) डीजल अनुदान :— डीजल अनुदान की समीक्षा में जिला कृषि पदाधिकारी, द्वारा बताया गया कि सभी प्रखंडों में कोषगार से निकासी की गई राशि का वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ प्रखंडों द्वारा डीजल अनुदान की अतिरिक्त राशि की अधियाचना की गई है अधियाचित राशि के आवंटन हेतु विभाग से अनुरोध करते हुए विभिन्न प्रखंडों में डीजल अनुदान की अवशेष राशि को प्रत्यार्पित कराया जा रहा है जिसके क्रम में सदर मुंगेर एवं टेटिया बम्बर के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा राशि प्रत्यार्पित कर दिया गया है जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अन्य प्रखंडों की अवशेष राशि को भी शीघ्र प्रत्यार्पित कराने का निर्देश दिया गया।

2. **उद्यान** :— सहायक निदेशक उद्यान के द्वारा बताया गया कि सघन बागवानी योजना 2014—15 के अंतर्गत पपीता का बीज नर्सरी में डाला गया है एवं पौधा तैयार होने पर चयनित कृषकों के बीच वितरण किया जाएगा।

बैठक मे उपस्थित लोक स्वास्थ, गंगा पम्प नहर, सहकारिता, मत्स्य, आत्मा एवं पशुपालन विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

	(ह०) 1/12/14	विश्वासभाजन, (ह०) 1/12/14
जिला कृषि पदाधिकारी, —सह—सदस्य सचिव	उपविकास आयुक्त, —सह— उपाध्यक्ष	जिला पदाधिकारी, —सह— अध्यक्ष
मुंगेर।	मुंगेर।	मुंगेर।

ज्ञापांक 1592 / कृषि / मुंगेर दिनांक — 01.12.2014

प्रतिलिपि:— सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:— अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर / तारापुर / ह० खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

(ह०) 1.12.14

जिला ~~कृषि~~ पदाधिकारी
—सह—~~सदस्य सचिव~~ अध्यक्ष
मुंगेर।

D/ Task force folder / task force 25-11-14

ज्ञापांक : 1592 / कृषि/ मुंगेर दिनांक– 01.12.14

प्रतिलिपि :– परियोजना निदेशक आत्मा, मुंगेर/उप कृषि निदेशक, सूचना बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक: 1592 /कृषि /मुंगेर, दिनांक– 01.12.14

प्रतिलिपि:– उप कृषि निदेशक सांख्यिकी, बिहार, पटना/ निदेशक पी0पी0एम0 एवं कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक : 1592 /कृषि/मुंगेर, दिनांक– 01.12.2014

प्रतिलिपि:– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक: 1592 /कृषि/मुंगेर, दिनांक– 01.12.14

प्रतिलिपि:– प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।